न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारीः– लक्ष्मण सिंह कुडी
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 175 / 2022

रामोतार मीणा, निवासी ग्रा0पो0 भडौन्दा खुर्द, तहसील व जिला झुंझुनूं, पिनकोड 333024, मो0न0 9983644723

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं।

— —

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील।

आदेश

दिनांक 09.06.2022

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 19.05.2022 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 175 / 2022 पर दिनांक 19.05.2022 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक / 2022 / 2280–81 दिनांक 19.05.2022 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16 (4) (5)न्याय / सू0अ0 / 22 / 690 दिनांक 24.05.2022 द्वारा अवगत कराया है कि अपीलार्थी श्री रामोतार मीणा निवासी भडून्दा खुर्द, तहसील व जिला झुंझुनूं का आवेदन पत्र इस कार्यालय मे दिनांक 06.04.2022 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्रांक एफ 16(4)(5) न्याय / सू0अ0 / 09 / 128 दिनांक 11.04.2022 के द्वारा प्रभारी अधिकारी, भू–अभिलेख अनुभाग कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र भिजवाया गया है। प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख अनुभाग कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं ने अपने पत्रांक 1274 दिनांक 09.05.2022 के द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाते हुए अवगत करवाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्रांक 4173 दिनांक 17.11.2021 से तहसीलदार झुंझुनूं को जांच रिपोर्ट भिजवाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। तहसीलदार झुंझुनूं ने पत्रांक 2979 दिनांक 01.12.2021 से जांच रिपोर्ट भिजवाई जाकर अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध कराई गई है। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं।
6. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं द्वारा पत्रांक एफ 16 (4) (5)न्याय / सू0अ0 / 22 / 690 दिनांक 24.05.2022 द्वारा अवगत कराया है कि अपीलार्थी श्री रामोतार मीणा निवासी भडून्दा खुर्द, तहसील व जिला झुंझुनूं का आवेदन पत्र उनके कार्यालय मे दिनांक 06.04.2022 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे उनके

Signature Not Verified
Digitally signed by Laxman Singh Kuri
Date: 2022.06.23 17:21:33 IST
Reason: SelfAttested

कार्यालय के पत्रांक एफ 16(4)(5) न्याय/सू0अ0/09/128 दिनांक 11.04.2022 के द्वारा प्रभारी अधिकारी, भू–अभिलेख अनुभाग कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र भिजवाया गया है। प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख अनुभाग कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं ने अपने पत्रांक 1274 दिनांक 09.05.2022 के द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाते हुए अवगत करवाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध मे उनके कार्यालय के पत्रांक 4173 दिनांक 17.11.2021 से तहसीलदार झुंझुनूं को जांच रिपोर्ट भिजवाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। तहसीलदार झुंझुनूं ने पत्रांक 2979 दिनांक 01.12.2021 से जांच रिपोर्ट भिजवाई जाकर अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध कराई गई है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य नहीं होने से खारीज किया जाता है।

7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 09.06.2022 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(एल0एस0कुडी)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलक्टर झुन्झुनूं

Signature Not Verified

Digitally signed by Laxman Singh Kuri
Date: 2022.06.23 17:21:33 IST
Reason: SelfAttested